बिहार विधान परिषद्

समापन भाषण

माननीय मुख्यमंत्री-सह-सदन नेता,

माननीय उप सभापति,

माननीय नेता, विरोधी दल,

माननीय मंत्रिगण,

माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल,

माननीय मुख्य सचेतक, विरोधी दल,

माननीय उप मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल,

माननीय सचेतक, सत्तारूढ़ दल,

विभिन्न दलों के माननीय नेतागण, तथा

बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण

बिहार विधान परिषद् के 202वें सत्र का आज अन्तिम कार्य दिवस है। वर्तमान सत्र में कुल पांच बैठकें आयोजित हुईं। सत्रावधि के लिए कुल 448 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें से 389 प्रश्नों को स्वीकृत किया गया। नेवा के माध्यम से कुल 309 प्रश्नों के उत्तर ऑनलाईन प्राप्त हुए, जो लगभग 80 प्रतिशत हैं। वर्तमान सत्र के लंबित प्रश्नों को आगामी सत्र में सदन की मेज पर रखने हेतु सरकार से अनुशंसा करता हूं।

वर्तमान सत्र के लिए ध्यानाकर्षण की कुल 62 सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें 27 सूचनाएं स्वीकृत हुईं। 3 सूचनाएं व्यपगत हुईं, 20 सूचनाओं के उत्तर ऑनलाईन प्राप्त हुए हैं। शेष सूचनाएं प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को सुपुर्द की गईं।

शून्यकाल की कुल 24 सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें 21 सूचनाएं स्वीकृत हुईं। 14 सूचनाएं व्यपगत हुईं।

निवेदन की कुल 32 सूचनाएं प्राप्त हुईं। जिनमें 31 सूचनाएं स्वीकृत हुईं। सभी स्वीकृत निवेदनों को सदन की सहमति से निवेदन समिति को सुपुर्द किया गया।

वर्तमान सत्र के दौरान माननीय सदस्यों ने अपने संसदीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनसामान्य की समस्याओं से सम्बद्ध कई महत्वपूर्ण विषय सदन के माध्यम से सरकार के संज्ञान में लाने का कार्य किया है। सरकार द्वारा इन विषयों पर सम्यक् विचार एवं समाधान के प्रयास करने की बात कही गयी है। कई समस्याओं का निदान भी कराया गया। सदन में सरकार ने जनता की समस्या के समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

यद्यपि सदन में कतिपय मुद्दों को लेकर विपक्ष के माननीय सदस्यों द्वारा व्यवधान भी उत्पन्न किए गए परन्तु पक्ष-विपक्ष के सहयोग से महत्वपूर्ण विषयों पर विमर्श भी संभव हो सका। इस सत्र के दौरान कुल 07 विधेयक --

(1) बिहार विशेष न्यायालय (संशोधन) विधेयक, 2022

(2) बिहार लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2022

(3) बिहार माल एवं सेवा-कर (संशोधन) विधेयक, 2022

(4) बिहार विनियोग अधिकाई व्यय (1989-90) विधेयक, 2022

(5) बिहार तकनीकी सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2022

(6) बिहार नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2022 तथा

(7) बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2022 पारित किए गए।

इस उच्च सदन में आप सबने गरिमा के अनुरूप राजकीय कार्यों के निष्पादन के साथ-साथ जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा की है। सदन के सभी माननीय सदस्यों को इसके लिए मैं हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

मैं माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री, माननीय मंत्रीगण, माननीय नेता विरोधी दल, माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल का आभारी हूं कि इन्होंने अपने संसदीय दायित्वों के प्रति गहरी निष्ठा का परिचय दिया। मैं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार एवं छायाकार बंधुओं के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित करता हूं जिन्होंने सदन की कार्यवाही को अपनी रिपोर्टिंग के माध्यम से प्रकाशित और प्रसारित कर जनसाधारण के प्रति हमारे दायित्वों एवं सरोकारों को जनता तक पहुंचाने का काम किया है।

अंत में, मै बिहार विधान परिषद् के कार्यकारी सचिव एवं परिषद् सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी धन्यवाद देता हूं जिनके सहयोग से संसदीय कार्यों का सफलतापूर्वक संचालन किया जा सका।

धन्यवाद,

देवेश चन्द्र ठाकुर
सभापति

19 दिसम्बर, 2022